**Nai Dunia (Indore), 1st October 2020, Page-5**

# आई-5 समिट कल से, शामिल होंगे मैनेजमेंट क्षेत्र के दिग्गज

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आइआइएम इंदौर और आइआइटी इंदौर की छठी आई-5 समिट 2 से 4 अक्टूबर को होगी। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इसे आयोजित किया जा रहा है। इसमें युवा अपने आइडिया और प्रोडक्ट प्रदर्शित करेंगे और इंवेस्टर्स बेस्ट आइडिया को फंडिंग देंगे। इससे पहले हुई समिट में 15 करोड़ रुपये से ज्यादा की फंडिंग स्टार्टअप्स को मिल चुकी है।

समिट में पहले दिन सुबह कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 11.30 से दोपहर 12.30 तक इंफोसिस के पूर्व सीईओ और एमडी क्रिस गोपालाकृष्णन, 12.30 से 1.30 बजे तक फिट्टर्निटी की संस्थापक और सीईओ नेहा मोटवानी, 3 से 4 बजे तक बीसीजी के एमडी और पार्टनर राहुल पानंदिकर अपने अनुभव शेयर करेंगे। इसी दिन 4 से 5.30 बजे तक डिजिटल मार्केटिंग पर वर्कशॉप होगी। दूसरे दिन दोपहर 12 से 1 बजे तक आइआइएम इंदौर के एलुमिनी विवेक बजाज स्टार्टअप को संबोधित करेंगे। दोपहर 3 बजे से पैनल डिस्कशन होगा। इसमें प्रो. स्नेहा थपलियाल, प्रो. हिमांशु राय, वेंकटेश सर्वसिद्धी, गिरीश अनंतनारायण, राजन सिंह और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक शामिल रहेंगे। 4 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्यार्थियों को फंडिंग दी जाएगी। दोपहर 2 बजे से चाय पे चर्चा, वर्कशॉप, स्टार्टअप एक्सपो होगा।